सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - १ १८/०३/२०२४ पृष्ठ -४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## एनडीए का शक्ति प्रदर्शन के साथ मोदी का आन्ध्रप्रदेश मे चार सौ पार का नारा

देश कह रहा है कि ४०० पार। विकसित भारत के लिए ४०० पार, आंध्र के लिए ४०० पार।




विकसित भारत के लिए इस बार 400 पार का नारा आंध्र प्रदेश में पीएम मोदी का शक्ति प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडू में सार्वजनिक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडू में सार्वजनिक जनसभा कासंबोधित किया। 400 पारके अपने लक्ष्य को साधने कलिए पीएम मोदी इस बार दक्षिण में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये संयोग देखिए, इस बार चुनाव के नतीजे 4 जून को आने वाले हैं। पूरा देशकह रहा है कि 400 पार। विकसित भारत के लिए 400 पार, आंध्र के लिए 400 पार।नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। आज मैं सबके बीच हूं। यहां मुझे त्रदेव के आशीर्वाद के साथ कोटप्पकोंडा से ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद मिल रहा है।

## गुजरात युनिवर्सिटी में अफगानी छात्रो से मारपीट होस्टल मे नमाज पढने पर हुआ विवाद

क्या मुस्लिम शांती पुर्ण नमाज भी नही पढ सकतें !

अहमदाबाद की गुजरात यूनिवर्सिटी में शनिवार देर रात हॉस्टल में रहने वाले अफगानी और अन्य छात्रों पर भीड़ ने हमला कर दिया। गमछा पहने और जयश्रीराम का नारा लगाती भीड़ हॉस्टल में घुसी और छात्रों को पीटा। हॉस्टल में पथराव और तोड़फोड़ भी की गई। 5 लोगों के घायल होने की खबर है।

बताया कि उनके जाने के बाद करीब 200 लोगों की भीड़ पहुंच गई और जय श्रीराम का नारा लगाते हुए हमला शुरू कर दिया।

200 लोग की भीड हॉस्टल में घुस आए और लैपटॉप, एसी, अलमारी, टेबल, दरवाजे, म्यूजिक सिस्टम तोड़ दिया।

ओवैसी ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर को टैग करके पूछा- क्या मुस्लिम शांतिपूर्वक नमाज भी नहीं पढ़ सकते हैं।

## भारतीय नौसेना के सामने सौमालिया लुटेरो ने किया समर्पण ,बचाया हाइजैक जहाज !



भारतीय नौसेना ने 3 महीने पहले अदन की खाड़ी में हाईजैक हुए जहाज डट रुएन को बचाने का ऑपरेशन पूरा कर लिया है। ऑपरेशन भारत के समुद्री तट से 2800 किलोमीटर दूर चलाया गया। नौसेना ने बताया कि उनकी कार्रवाई के बाद 35 समुद्री लुटेरों ने सरेंडर किया और 17 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला गया। जहाज का क्रू 110 से ज्यादा दिनों से लुटेरों के कब्जे में था। रेस्क्यू ऑपरेशन किया अब हाईजैक हुआ जहाज डट रुएन पूरी तरह भारतीय नौसेना के कब्जे में है। सेना ने इसकी तलाशी ली है। नौसेना ने दी थी सरेंडर करने की चेतावनीऑपरेशन चलाने से पहले नौसेना ने समुद्री लूटेरों को सरेंडर करने को कहा था।को ही इस जहाज से संपर्क किया गए थे अगर ये लूटेरे सरेंडर नहीं करते तो इनके खिलाफ अभियान चलाया जाए। नौसेना ने ये अभियान ऑपरेशन संकल्प के तहत चलाया था। इंडियन नेवी को ही इस जहाज से संपर्क को ही इस जहाज से संपर्क हुआ था। इस दौरान सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने नेवी पर फायरिंग की थी।भारतीय क्रू वाले जहाजों पर भी हमला कर चुके हैं समुद्री लुटेरे

हाईजैक की सूचना मिलते ही एक मैरीटाइम पेट्रोलिंग एयरक्राफ्ट च्8 प् को जहाज की तरफ रवाना किया गया। मर्चेंट वेसल की सुरक्षा के लिए प्छै चेन्नई को भी भेजा गया। नौसेना का ऑपरेशन 5 जनवरी को पूरा हुआ था। इस दौरान 15 भारतीयों समेत सभी 21 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया था।

## पाकिस्तान का पहला जासूसी जहाज पीएनएस रिजवान परमाणु मिसाइल को ट्रैक करने की क्षमता, भारत के आईएनएस ध्रुव से हो रही तुलना

पाकिस्तानी नौसेना को पहला जासूसी जहाज मिला है। पाकिस्तान ने स्पाई वेसल का नाम प्छै रिज़वान रखा है। इस जहाज को चीन के फुजियान मावेई शिपबिल्डिंग लिमिटेड में बनाया गया है। यह जासूसी जहाज 87.2 मीटर लंबा और 19 मीटर चौड़ा है। भारत के प्छै ध्रुव से स्पाई वेसल की तुलना की जा रही है। इसमें परमाणु मिसाइल को ट्रैक करने की क्षमता भी है। विशेषज्ञों के अनुसार आधुनिक युद्ध में प्छै रिजवान जैसे जहाज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## सीएए की आलोचना पर रक्षामंत्री का अमेरीका को जवाब

भारत के इतिहास की उनकी समझ पर सवाल उठा रहा- रक्षा मंत्री



इन प्रतिक्रियाओं के बाद अब विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी बड़ा बयान सामने आया है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट–ट्रैक नागरिकता है। पीटीआई, नई दिल्ली। देश में जब से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना जारी हुई है, तब सियासी कोहराम मचा हुआ है। भारत के साथ–साथ अब विदेशों से को लेकर प्रतिक्रिया आ रहा है। अमेरिका के साथ–साथ दुनिया के कुछ देशों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की आलोचना की है। इन प्रतिक्रियाओं के बाद अब विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ऐसे श्कई उदाहरणश हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट–ट्रैक नागरिकता है। शनिवार को इंडिया टुडे कॉन्क्लेव 2024 में विशेष चर्चा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर भी जवाब दिए।सीएए की आलोचना पर क्या बोले जयशंकर – जयशंकर ने कहा श्आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है, जिस तरह से कनाडा ने दी है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। रक्षामंत्री ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा।

## गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बीजेपी में हुई शामिल




नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले मशहूर सिंगर अनुराधा पौंडवाल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। दिल्ली में पार्टी के सीनियर लीडरों की मौजूदगी के बीच उन्होंने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं उस पार्टी में शामिल हो रही हूं जिसका सनातन धर्म से गहरा नाता है। अनुराधा संगीत की दुनिया का जाना–माना नाम हैं। 2024 के फाइनल मुकाबले से पहले बीजेपी के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि ऐसी सरकार में शामिल होने जा रही हूं जिसका सनातन धर्म से गहरा नाता है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज बीजेपी में शामिल हो रही हूं।90 के दशक में लहराया था परचम मशहूर सिंगर अनराधा पौडवाल का नाम संगीत की दुनिया में काफी सम्मान से लिया जाता है। 90 के दशक में अपनी आवाज से लोगों के दिलों में छाने वाली अनुराधा पौडवाल ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल हुई।

## एमपी में चार चरण में होंगे चुनाव, प्रदेश में प्रभावशील हुई आचार संहिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की शनिवार को घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है, जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में 4 चरणों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई और चौथे चरण के लिए मतदान प्रक्रिया 13 ािमई को सम्पन्न होगी। सभी चरणों की मतगणना के परिणाम एक साथ 4 जून 2024 को घोषित किए जाएंगे। श्री राजन ने बताया कि पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। पहले चरण के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 19 अप्रैल को होगा।

## पाक पुर्व पीएम नवाज शरीफ की विदाई अब तय,आर्मी ने कहा जल्द पाकिस्तान छोड़ लंदन जाए



पाकिस्तान की सियासत में लगभग 45 साल से सक्रिय रहे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का राजनीतिक सफर अब पूरा होने को है। सेना ने नवाज शरीफ के रूप में पाकिस्तान की राजनीति में आखिरी बड़े नाम को भी हाशिये पर डालने की तैयारी कर ली है।सूत्रों के मुताबिक, आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने नवाज को जल्द लंदन लौटने के आदेश दिए हैं। नवाज के करीबी एक भरोसेमंद सूत्र का कहना है कि वे कथित रूप से खराब सेहत का हवाला देकर लंदन वापसी का अपना प्लान जाहिर करेंगे। हालांकि, यह नवाज का राजनितीक फेयरवेल होना है। नवाज के लंदन लौटने से आर्मी के प्रमुख नेताओ परअपनी पकड़ और मजबूत कर लेगी।




# डिजीटल संस्करण

# https://sbpatra.in

# पर उपलब्ध



# निर्वाचन पेम्पलेट पोस्टर पर मुद्रक प्रकाशक का नाम अंकित करना होगा ।

नीमच 16 मार्च 2024, लोकसभा निर्वाचन, 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है ।जिसके अनुसार जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में 16 मार्च 2024 से निर्वाचन समाप्ति तक के लिए आदर्श आचार सहिता लागू की गई है । भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक 3/9/ (इ.एस. 008)/ 94– जे.एस.–11, दिनांक 02 सितम्बर, 1994 द्वारा निर्वाचन पैम्पलेटों, पोस्टरों आदि के मुद्रण एवं प्रकाशन को प्रतिबंधित करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–127क के उपबंधों द्वारा विनियमित किया गया है ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने आदेश जारी कर जिले के समस्ध्त मुद्रणालयों एवं उनके स्वामी तथा प्रकाशकों को सूचित किया है , किधारा–127 (क) के अन्तर्गत निर्देशित किया जाता है, कि किसी भी पैम्फलेट या पोस्टर मुद्रण या मुद्रित सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नहीं करेगा या मुद्रित नहीं करवाएगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हो, द्वारा सत्यापित न हो ।कलेक्टर दारा जारी आदेशानुसार धारा–127 क (2) के तहत मुद्रण, सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अंदर प्रिंटिंग प्रेस द्वारा मुद्रित प्रतियों (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रति सहित) तथा अनुबंध ''ख'' में प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर, सत्यापन उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी जावेगी। साथ ही अनुबंध में मुद्रित सामग्री तथा घोषणा के साथ प्रिंट कागजातों की प्रतियों की संख्या, मुद्रण के लिए वसूल की गई कीमत का ब्यौरा प्रस्तुत किया जावेगा ।धारा–127 (क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जो राज्य के संगत कानूनों के तहत प्रिंटिंग प्रेस के लाइसेंस का प्रतिसंहरण भी हो सकती है ।बिना अभ्यर्थी के विशिष्ठ या सामान्य प्राधिकार के उसकी निर्वाचन संभावनाओं को अग्रसर करना निर्वाचन के सिलसिले में अवैध संदाय की श्रेणी में आता है, जो कि भारतीय दण्ड संहिता के तहत अपराध है। धारा–171 एच के तहत अपराध है ।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# राजनैतिक दल कड़ाई से करे आर्दश आचार सहिंता का पालन - कलेक्टर जैन ।

नीमच 16 मार्च 2024, भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है। आयोग के निर्देशानुसार किसी भी दल के अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जो कि विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाए या घृणा की भावना उत्पन्न करें या तनाव पैदा करें। कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने उक्त जानकारी शनिवार 16 मार्च 2024को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दी और उनसे जिले में आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने में सहयोग का आग्रह किया है। बैठक में एसपी श्री अंकित कुमार जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस.सिसोदिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, डॉ. राजेश पाटीदार एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा राजनैतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रचार के लिए धर्म स्थलों का उपयोग न हो– बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने आदर्श आचरण सहिता के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराते हुए कहा कि किसी दल या उम्मीदवार द्वारा चुनाव प्रचार में अन्य राजनैतिक दलों की नीतियों की आलोचना, कार्यक्रमों और कार्यों तक ही समिति होना चाहिए। व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं करना चाहिए जिसका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो। मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों या अन्य पूजा स्थलों का निर्वाचन प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं होना चाहिए।

संवेदनशील केन्द्रों पर रहेगी निगरानी– बैठक में बताया गया, कि जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर इन्टरनेट एवं वेब कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी की जाएगी।

पेड न्यूज़ पर निगरानी प्रारंभ–आयोग सख्त–कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि जिलास्तरीय मीडिया मानिटरिंग कमेटी यदि किसी समाचार पत्र में पेड न्यूज पाई गई तो समिति संज्ञान में लेकर उसका खर्च अभ्यर्थी या पार्टी के खाते में जोड़ेगी। भ्रष्ट आचरण से बचे–जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से कहा है, कि वे ऐसे कार्यों से बचें जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचारण और अपराध हो जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर मत सत्यापन करना, मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय को समाप्त होने वाली 24 घन्टे के दौरान सामाजिक सभाएं करना और मतदाताओं को सवारी से मतदान केन्द्रों तक ले जाना और वहां से वापस लाना।

# कलेक्टर ने लगाया अवकाश पर प्रतिबंध

कलेक्टर श्री दिनेश व्द्दारा लोकसभा निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए नीमच जिले के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। शासकीय/सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी कार्यालय निरन्तर चालू रखेगें। निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्ति हेतु गैर कार्यालयीन समय एवं दिवस हेतु एक व्यक्ति को नामित करें व उसके नाम तथा मोबाईल नंबर का प्रदर्शन कार्यालय के मुख्य द्वार अथवा सूचना पटल पर किया जावेगें ।

# सीआरपीएफ परिवार की महिलाओ ने दि रंगारंग प्रस्तुतियाँ

नीमच। सीआरपीएफ के सीटीसी नीमच के आईजी संदीप दत्ता श्रीमती रजनी दत्ध्ता के निर्देशन में नीमच सीआरपीएफ परिसर में ''अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' बुधवार को बड़े ही धूम–धाम से मनाया गया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीआरपीएफ परिसर में निवासरत महिलाओं एवं बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। उक्त आयोजन मुख्यतः मेडम श्रीमती रजनी दत्ता के साथ श्रीमती रेबेका एम. सिमटे, क्षेत्रीय कावा अध्यक्षा सहित कैम्पस के गणमान्य वरिष्ठ्ठ अधिकारीगण की पत्नियां, परिजन, जवान, महिलाएं तथा बच्चों की मौजूदगी में बड़े उत्साह, उमंग एवं जोश के साथ कार्यक्रम मनाया

आयोजन के बारे में जानकारी देते हुवे मेडम रजनी दत्ता ने बताया की महिलाएं समाज का एक अभिन्न अंग है। जिनकी भूमिका परिवार समाज और राष्ट्र तीनों के निर्माण व विकास में अतुलनीय है। महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। महिलाओं के योगदान के लिए उनके सम्मान के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। आज महिलाएं चांद पर जा रही है। प्लेन उड़ा रही है। खेल जगत में हमारे देश का नाम रोशन कर रही है। फैशन क्षेत्र हो व उद्योग क्षेत्र में भी अपनी भागीदारी निभा रही हैं। महिलाएं राजनीति क्षेत्र में सांसद, विधायक, मेयर आदि पदों पर अपनी शक्ति करण उदाहरण पेश कर रही है। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीआरपीएफ आवास क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं तथा कार्यरत महिला कर्मियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया

इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं के लिए अनेक मनोरंजन तथा खेल–कूद की प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें विजेता महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि इस स्किल हंट अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम से महिलाओं को प्रोत्साहन किया जा रहा है। उन्होंने यह प्रसन्नता जाहिर की केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों को बखूबी करवा रहा है जो कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का महिलाओं के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

# चोरी करने के लिए किराने कि दुकान में घुसने वाले आरोपी को किया दण्डीत !

नीमच। सुश्री सरोज डेहरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा चोरी करने के नियत से किराने की दुकान घुसने वाले आरोपी शांतिलाल पिता मडीया भील, उम्र–25 वर्ष, निवासी–पुरानी नगर पालिका, जिला नीमच को धारा 457 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 06 माह के कारावास व 250रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी जितेन्द्र चेतनानी ने थाना नीमच केंट में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख कराई की उसकी राधकृष्ण कालेज रोड़, टीचर कॉलोनी में राज प्रोविजन स्टोर नाम से किराने की दुकान हैं। दिनांक 16.02.2018 को वह रात्रि को दुकान बंद कर ताला लगाकर घरचला गया था, जब अगले दिन सुबह के 9 बजे वह वउसका भाई भावेश आये और उन्होनें देखा की दुकान का एक तरफ का शटर उचका हुआ हैं। दोनों ने शटर खोल कर देखा तो अंदर एक व्यक्ति बैठा हुआ था, जिसने अपना नाम शांतिलाल बताया। आरोपी ने बताया की वह अपने साथियों के साथ चोरी करने आया था ।और उसने दुकान में से सिल्लक, सिगरेट के पैकेट व अन्य सामान अपने साथियों को बाहर दे दिये और इसी दौरान सवेरा हो जाने से वह दुकान से बाहर नहीं निकल पाया और उसके साथी लोग मौके से भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध थाना नीमच केंट में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। अन्य आरोपी शुभम धर्मा के फरार रहने से आरोपी शांतिलाल के विरूद्ध विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# विधायक परिहार ने किया डोम निर्माण कार्य का भुमि पुजन !

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड–23 में गुरुवार को विधायक दिलीप सिंह परिहार ने डोम निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। दरअसल वार्ड नंबर 23 में शासन के द्वारा 20 लाख रुपए की लागत से डोम निर्माण किया जाना है। जिससे क्षेत्र के लोगों को सामाजिक और मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करने में सहूलियत मिलेगी। यह डोम वार्ड नंबर 23 के स्कीम नंबर 9 में बनाया जा रहा है। डोम निर्माण काम का भूमि अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार के नगर पूजन करने के पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष चोपड़ा सभापति वंदना खंडेलवाल उपस्थित रहे।

इस दौरान पंडितों ने मंत्र उपचार और विधि विधान के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया। वहीं विधायक ने कुदाली मारकर इस निर्माण काम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश जैन मोहन सिंह राणावत विष्णु राठौर सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ४८ वर्षीय अधेड ने लगाई फाँसी कारण स्पष्ट नही ।

मोरवन में एक 48 वर्षीय अधेड़ ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बसंत पिता दीनानाथ उम्र 48 वर्ष जाति प्रजापति गांव मोरवन था। अपने घर में फांसी लगा ली शव का मंगलवार को नीमच जिला चिकित्सालय में परिजनों मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया पोस्टमार्टम के बाद शॉप परिजनों के सुपुर्दकर दिया पुलिस मामले कि जाँच कर रही है ।

# नीमच के ग्राम दारू में थ्रेशर में आने से मजदुर की दर्दनाक मौत

नीमच जिला मुख्यालय से 12 किलो मीटर दुर ग्राम दारू में दर्दनाक हादसा हुआ है। एक मजदूर की थ्रेशर में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार ग्राम दारू में सरलाई जिला चित्तौडगढ़ निवासी राजू पिता मोहनलाल भील (44) शुक्रवार को थ्रेशर मशीन से रायड़ानिकालने का काम कर रहा था। इस दौरान वह थ्रेसर की चपेट में आ गया ।आसपास मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बघाना थाने पर पदस्थ एएसआई रामप्रसाद यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर जांच शुरू की। थ्रेसर में फंसने से शव पूरी तरह क्षत विक्षत हो गया था। उसे चादर में लपेटकर पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नयागाँव पुलिस ने पंजाब के आरोपी से दो किलो छ:सौ ग्राम अफीम जब्त कर गिफ्तार किया।

नयागाँव पुलिस ने मुखबीर सुचना पर बडी जीत हासील की है । पंजाब सहित अन्य राज्यों के तस्कर मालवा बेल्ट में आकर अफीम की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं नीमच की नई एसपी अंकित जायसवाल के निर्देश पर पुलिस ने अब अफीम बेचने वाले किसानों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरु कर दी है।

साथ ही आरोपी चालक हरमेश पिता निरंजनसिंह उम्र 45 जो कि पंजाब के पटियाला का रहने वाला है को गिरफ्तार किया है। अफीम बेचने वाले किसान भौनीलाल पिता रामकिशन उम्र 46 साल जाति गायरी निवासी मोया थाना जिला नीमच को भी गिरफ्तार किया गया।

जा रहे अभियान के तहत मुखबीर सूचना पर 2 किलो 600 ग्राम अफीम जब्त की है। जावद थाना प्रभारी असलम पठान ने बताया कि शुक्रवार सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुऐ एक व्यक्ति के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम अफीम एक बिटारा ब्रेजा कार क्रमांक DL 8 CY9505 के जब्त किया गया है।

साथ ही आरोपी चालक हरमेश पिता निरंजनसिंह उम्र 45 जो कि पंजाब के पटियाला का रहने वाला है को गिरफ्तार किया है। अफीम बेचने वाले किसान भौनीलाल पिता रामकिशन उम्र 46 साल जाति गायरी निवासी मोया थाना जिला नीमच को भी गिरफ्तार किया गया।

खबरों के लिए लोगिंग करे !



https://sbpatra.in/

खबरों के लिए लॉगिंग करे !


https://sbpatra.in/


## सोशल मिडीया पर रील बनाना युवको को पडा भारी हथियारा के साथ बना रहे थे रील पुलिस ने धरा ।

हथियारों का प्रदर्शन कर रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। कट्टे–पिस्टल और चाकू सहित तीन अन्य युवकों को भी पकड़ा गया हैं। एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग और मुखबिर की सूचना पर पांच युवकों को हथियारों के साथ पकड़ा है। क्राइम ब्रांच और सदर बाजार पुलिस ने सौरभ सिंह पिता शिवसिंह यादव निवासी फर्स्ट बटालियन और सोनू कौशल निवासी कंडीलपुरा गोकुलगंज को पकड़ा है। दोनों पर एरोड्रम, बाणगंगा,मल्हारगंज थाने में पहले से अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी नश के लिए वारदात करते। दोनों से 32 बोर की देशी पिस्टल ,1 जिंदा कारतूस जब्त की है। दोनों ने सोशल मीडिया पर पिस्टल का फोटो भी अपलोड किया था। इधर, दूसरी टीम ने रीजनल पार्क क्षेत्र से अजय ठाकुर निवासी सुदामा नगर बस्ती को एक पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा है। अजय भी कई बार जेल जा चुका है। तीसरी कार्रवाई में पुलिस ने राजेंद्र नगर इलाके से नवेश शिंदे निवासी श्रीयंत्र नगर और सौरभ परमार निवासी अंबिकापुरी को पकड़ा है। इनसे दो खटकेदार चाकू जब्त किए। इनके खिलाफ भी भंवरकुआं थाने में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध पाए गए।

## छतरपुर के गाँव चपनेर में हो रही अवैध अफीम की खेती , ढाई लाख से ज्यादा पौधे जब्त किए

खेत से अफीम के पौधे जब्त किए गए – छतरपुर जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के चपनेर गांव में बड़ी मात्रा में अफीम की खेती होती पकड़ी गई है। बड़े स्तर पर अफीम की खेती की जा रही थी जहां से पांच थानों की पुलिस ने कार्रवाई कर अफीम के करीब ढाई लाख से ज्यादा पौधे जब्त किए गए हैं। जिनका वजन करीब 51 क्विंटल पाया गया है। बिजावर पुलिस को एक बड़ी सफलता अफीम की खेती को पकड़ने के रूप में हाथ लगी



13 मार्च 2024 को थाना किशनगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चपनेर के एक खेत में अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती किए जाने की सूचना मिली। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक छतरपुर अमित सांघी द्वारा एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के नेतृत्व में थाना बिजावर, थाना किशनगढ़, थाना पिपट, थाना सटई, थाना बमीठा से विशेष पुलिस टीम गठित की गई। चपनेर गांव में हो रही अफीम की खेती पकड़ी, ढाई लाख से ज्यादा पौधे जब्त किए – चपनेर गांव में हो रही अफीम की खेती ढाई लाख से ज्यादा पौधे जब्त किए – थाना प्रभारी किशनगढ़ उप निरीक्षक राजकुमार तिवारी द्वारा गोपनीय तरीके से सूचना की तस्दीक की गई, एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। तस्दीक उपरांत पुलिस टीम द्वारा थाना किशनगढ़ के ग्राम चपनेर मौजे के एक खेत में छापामारी कार्यवाही की गई। विशेषज्ञों द्वारा खेत में अवैध मादक पदार्थ अफीम के पौधे की फसल होने की पुष्टि की गई। उसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

दो बीघा जमीन पर हो रही थी अवैध खेती - एसपी अमित सांघी के निर्देश पर एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा श्रमिक एकत्रित कर अवैध मादक पदार्थ अफीम की फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हुआ। करीब दो बीघा क्षेत्र में खेत में चारों तरफ से पुलिस की निगरानी में २४ घंटे निरंतर फसल कटाई चलने उपरांत लाखों की संख्या में अफीम के पौधे एकत्रित किए गए। एकत्रित पौधों को संख्यावार गट्ठा बनाकर बोरियों में पैक किया गया। अफीम की फसल में करीब ढाई लाख से अधिक मात्रा, वजन ५१ कुंटल अफीम के पौधे जब्त किए गए। जब्त अफीम के पौधों की कीमत करीब ५० लाख रुपये से ज्यादा है।

## रेलवे अधिकारी का शव पॉलीथीन की थैली मे व बच्चे का फ्रिज में मिला , बेटी लापता ।

मध्य प्रदेश के जबलपुर में शुक्रवार को रेलवे के कार्यालय अधीक्षक और उनके नाबालिग बेटे की उनके रेलवे क्वार्टर में हत्या कर दी गई। मृतकों के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे ने बच्चे के शव को फ्रिज के अंदर छिपा दिया था। कार्यालय अधीक्षक का शव किचिन के अंदर पालीथीन में बरामद हुआ है।मृतक की बेटी का एक वाइस मैसेज उनके स्वजन और कुछ रेल कर्मियों तक पहुंचने के बाद इस जघन्य वारदात का खुलासा हुआ। घर अंदर से बंद था। पुलिस कर्मियों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि हत्या के बाद अपराधी घर के पीछे से या छत के रास्ते फरार हुआ है।

पड़ोस के रेलकर्मी के बेटे पर शक

पुलिस को प्रारंभिक जांच और पूछताछ में हत्याकांड को अंजाम देने का संदेह मृतक के पड़ोस में रहने वाले एक रेलकर्मी के बेटे पर है। संदेही युवक के विरुद्ध कुछ दिन पहले मृतक की बेटी ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हाल ही आरोपित जेल से जमानत पर घर आया था। वारदात के बाद आरोपित फरार है।

हत्यारे का पता लगाने के लिए पुलिस रेलवे कालोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज जांच रही है। पड़ोसियों और स्वजन से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही सारी स्थिति साफ हो पाएगी।

## हर जिले मे होंगे आयुर्वेद कॉलेज,बीएएमएस की बेढेगी सीटे !

दो साल मे निर्माण कार्य पुरा करने का लक्ष्य इसके कारण कॉलेज मे बढेगी सीटे ।

मप्र में मेडिकल कॉलेजों की तर्ज पर अब जिलों में 11 नए आयुर्वेद कॉलेज खोले जाएंगे। दो साल में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके कारण कॉलेजों में करीब 1100 सीटें बढ़ाने की तैयारी है। वर्ष 2027–28 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। सागर, नर्मदापुरम, शहडोल, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, मुरैना, शुजालपुर, श्योपुर, खजुराहो में ये कॉलेज खुलेंगे। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पांडेय बोले–इस फैसले से प्रदेश को डॉक्टर तो मिलेंगे ही, कॉलेजों को फैकल्टी मिल सकेगी।

इसके लिए 5–5 एकड़ जमीन संबंधित शहर के आसपास के क्षेत्र में तलाशी जा रही है। करीब 500 आयुर्वेद प्रोफेशनल्स को इन कॉलेजों में भर्ती किया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में वर्तमान में भोपाल, ग्वालियर, रीवा आयुर्वेद कॉलेज संचालित हो रहे हैं। जहां बीएएमएस की करीब 600 सीटें है। इसके अलावा 27 निजी आयुर्वेद कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

जिला कलेक्टर्स को लिखा जमीन आवंटित करने को पत्र आयुष संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि 2026 का लक्ष्य इन कॉलेजों के निर्माण और भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए रखा गया है। जिला अस्पतालों का 30 बेड के अस्पताल में अपग्रेड कर शुरू में कॉलेज संचालित किए जाएंगे। बाद में कॉलेजों का अलग से अस्पताल बनाया जाएगा। इन कॉलेजों में कुछ में 60 और कुछ में 100 सीटें रहेंगी। नए कॉलेज शुरू करने के लिए आयुक्त आयुष सोनाली पोंछे वायंगणकर ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकरसुगम स्थानपर पांच एकड़ भूमि आवंटित करने के लिए कहा

## उज्जैन मे महाकाल मंदिर तक बनेंगे रोप-वे सिहस्थ से पहले कार्य पुरा करने का लक्ष्य



रोप–वे निर्माण के लिए प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग एवं नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के मध्य एमओयू साइन। पौने दो किमी लंबा होगा रोप–वे। सिंहस्थ 2028 से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य। – भोपाल। प्रदेश की मोहन सरकार वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए अभी से तैयारियों में जुट गई। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए उज्जैन में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। अब रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक पहुंच आसान करने के लिए रोप–वे बनाया जा रहा है। यह पौने दो किलोमीटर लंबा होगा। गुरुवार को मोहन कैबिनेट की बैठक में लोक निर्माण विभाग एवं नेशनल हाइवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के मध्य रोपवे के विकास, कार्यान्वयन, निर्माण, संचालन और रख–रखाव के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का अनुमोदन किया गया। इसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसे लेकर इंटरनेट मीडिया पर अपनी बात रखी।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में उज्जैन जंक्शन रेलवे स्टेशन और महाकालेश्वर मंदिर के बीच मौजुदा रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए हाईब्रिड एन्युइटी मोड के तहत 188. 95 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृति दी गई है। प्रस्तावित रोपवे खासकर तीर्थयात्रा के चरम मौसम के दौरान भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगा और यात्रा के समय को घटाकर 7 मिनट कर देगा। रोपवे हर दिन 64,000 तीर्थयात्रियों के लिए सुविधा में सुधार करने में मदद करेगा। यह पर्यटन के अनुभव को बेहतर बनाएगा और रोजगार के नए अवसर निर्माण करते हुए परिवहन के पर्यावरण–अनुकूल साधन प्रदान करेगा।

## रतलाम शहर में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक 10 साल के बच्चे को काटकर किया घायल

शहर के कुरैशी मंडी में रहने वाले फरान पिता फैयाज को स्ट्रीट डॉग्स ने अपना निशाना बनाया। घटना गुरुवार देर शाम की है। फरान रोजा शाम को घर के बाहर खेलने निकला था। इसी दौरान तीन से चार डॉग्स ने मिलकर हमला कर दिया। हाथ, पैर, पीठे सहित शरीर के अन्य हिस्सों में 6 से 7 जगह काट कर घायल कर दिया। परिवारजन के साथ पार्षद नासिर कुरैशी बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। नासिर कुरैशी ने बताया कि शहर में कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन छोटे बच्चों को काटने की घटनाएं हो रही है। फिर भी नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा है। इस दौरान पार्षदने नगर निगम की अनदेखी के कारण जमकर नाराजी भी जताई।11 दिन पहले भी हुई घटना ऋ 11 दिन पूर्व भी शहर के अलकापुरी निवासी 15 साल की दिव्यांगी पिता नवीन हरारिया पर तीन स्ट्रीट डॉग्स ने हमला कर दिया था। उसे नोचने व काटने की कोशिश की गई। डॉग्स के हमले के कारण दिव्यांगी नीचे गिर गई थी। डॉग्स ने 6 काटने की कोशिश की। हाथ, पैर और बैक साइड में दांत के निशान लगे थे। बालिका को जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया था। डॉग्स के हमले का ब्ल्ट भी सामने आया था। इसके बावजूद भी निगम के जिम्मेदार नहीं जागे। इस मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भी संज्ञान लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा था।

# भारत ने करा इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि 5 का सफल परीक्षण

**चीन ने एक कथित रिसर्च जहाज भारतीय तट से कुछ दूरी पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा में तैनात किया !**

भारत की अग्नि–5 मिसाइल की ओडिशा के समुद्र तट से सोमवार को टेस्टिंग की गई जिस पर चीन का खुफिया जहाज नजर रखे हुए था। 7 मार्च को भारत ने टेस्टिंग के लिए अलर्ट जारी किया गया था। इसके कुछ ही दिन पहले बीजिंग ने एक कथित रिसर्च जहाज भारतीय तट से कुछ दूरी पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा में तैनात कर दिया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने अपने इस जहाज को भारत में मिसाइल टेस्टिंग पर नजर रखने के लिए भेजा। इसके अलावा मालदीव में पहले से ही चीन का एक और जहाज तैनात है। मैरीटाइम ट्रैफिक के डेटा के मुताबिक, चीनी जहाज जियांग यांग होंग–0123 फरवरी को चीनी तट से रवाना



हुआ था।यह टेस्टिंग से ठीक एक दिन पहले 10 मार्च को बंगाल की खाड़ी में दाखिल हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीनी जहाज अब विशाखापट्टनम के तट से सिर्फ 480 किलोमीटर की दूरी पर है। दरअसल, सोमवार को भारत ने देश में बनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–5 का सफल परीक्षण किया।एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च कर सकते है।इस मिसाइल की जद में पूरा चीन और आधा यूरोप है। मिसाइल की रेंज 5 हजार किलोमीटर है। यह डेढ़ टन तक न्यूक्लियर हथियार साथ ले जा सकती है।

# मालदीव ने दिए 36 द्वीप चीन को लीज पर , चीन करेगा विकास

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है।चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी। मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी।इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।मुइज्जू ने कहा था– हमारा देश छोटा, लेकिन हमें कोई धमका नहीं सकता

इससे पहले जनवरी में चीन के दौरे से लौटने के बाद राष्ट्रपति मुइज्जू ने वेलाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचते ही देश की सुरक्षा को लेकर बयान जारी किया था। उन्होंने कहा था– हमारा देश छोटा है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि आपको हमें धमकाने का लाइसेंस मिल गया है।मुइज्जू ने आगे कहा था– हिंद महासागर किसी एक देश का नहीं है। मालदीव इस महासागर का सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाले देशों में से एक है। हमारे पास समुद्र में छोटे–छोटे द्वीप हैं, लेकिन 9 लाख वर्ग किलोमीटर का एक बड़ा एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन है।चीन ने कहा था– मालदीव की आजादी की रक्षा करेंगे राष्ट्रपति मुइज्जू के दौरे के वक्त चीन ने कहा था कि वो मालदीव के राष्ट्रीय हित में किए जा रहे विकास के एजेंडे में उसकी मदद करेगा।

# https://sbpatra.in/

# यू्क्रेन जंग लड रहे नेपलियों ने भारत से माँगी मदद , धोखे से 30 लोगो को सैना मे भर्ती किया।

रूस में फंसे कुछ नेपाली युवकों ने भारत सरकार से मदद मांगी है। इन लोगों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो कह रहे हैं कि उन्हें धोखे से रूसी आर्मी में भर्ती कराया गया और फिर जंग लड़ने भेजा गया। वीडियो में युवक भारत सरकार से उन्हें वापस नेपाल पहुंचाने के लिए मदद मांग रहे हैं। उनका कहना है कि नेपाल सरकार मदद नहीं कर पा रही है इसलिए भारत सरकार इस मामले में दखल दे।भारत सरकार से मदद मांगने वाले नेपालियों की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मिलिट्री यूनिफॉर्म पहने नेपाली युवकों ने वीडियो में कहा– हमें हेल्पर की नौकरी ऑफर हुई थी। रूस पहुंचने पर आर्मी में भर्ती कर लिया गया और यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने भेजा गया। हमने मॉस्को स्थित नेपाली एम्बेसी से मदद मांगी, लेकिन हमें मदद नहीं मिली।भारत और नेपाल के बीच अच्छे संबंध हैं इसलिए हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि वो हमें यहां से रेस्क्यू करे।

हमारे साथ तीन भारतीय युवक भी जंग लड़ रहे थे। भारत सरकार ने उन्हें रेस्क्यू कर लिया है। भारत की एम्बेसी पावरफुल है। हम 30 लोग रूस आए थे। अब सिर्फ 5 ही बचे हैं। हमारी मदद करें। दिसंबर में 6 नेपाली मारे गए थे दिसंबर 2023 में यूक्रेन के खिलाफ रूस की तरफ से लड़ते हुए 6 नेपाली मारे गए थे। यह खबर सामने आने के बाद नेपाल ने रूस से कहा है कि वो उसके नागरिकों का इस्तेमाल बंद करे। नेपाल के कई नौजवान पैसे की खातिर रूस के लिए जंग के मैदान में मौजूद हैं। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, मॉस्को ने पिछले महीने जंग में मारे गए नेपालियों के परिवारों को मुआवजा देने पर सहमति जताई थी। जंग में अब तक 14 नेपाली मारे जा चुके हैं।

वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादातर नेपाली नागरिक पैसा कमाने की खातिर दूसरे देशों में जाते हैं। कई बार ये बेहद जोखिम वाले काम भी करते हैं। खास बात यह है कि ये नेपाली नागरिक जितना पैसा अपने देश भेजते हैं, वो करीब–करीब नेपाल की के बराबर है। भारतीयों को भी धोखे से रूसी आर्मी में भर्ती कराया गया

पहली बार भारतीयों को धोखा देकर यूक्रेन जंग में भेजने की बात सामने आई थी। 29 फरवरी को विदेश मंत्रालय ने बताया था कि रूस में फिलहाल 20 भारतीय नागरिक फंसे हैं और इन्हें निकालने की कोशिश जारी है। कुछ पीड़ित पहली बार नवंबर 2023 में एजेंट्स से मिले थे। एजेंट्स ने हेल्पर की नौकरी के लिए लाखों की सैलरी बताई थी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारतीयों को विजिटर वीजा पर रूस ले जाया गया।

5 मार्च को रूस में धोखे से ले जाए गए भारतीयों से जुड़ी एक रिपोर्ट सामने आई थी। इसके मुताबिक रूस में फंसे इन भारतीयों ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भारत लौटने में मदद करने की अपील की थी। पंजाब के रहने वाले लोगों ने इससे जुड़ा किया था।

# पाकिस्तान लापता 14 मछुआरों की खोज में भारत की मदद लेगा इनके भारतीय सीमा में पहुंचने की आशंका

पाकिस्तान में सिंध प्रांत के केती बंदर पोर्ट के पास 45 मछुआरों को ले जा रही एक नाव डूब गई थी। 31 मछुआरों को बचा लिया गया था लेकिन अब भी 14 मछुआरे लापता हैं। इनकी तलाश के लिए पाकिस्तान सरकार भारत से मदद मांगेगी।

पाकिस्तानी मीडिया द डॉन के मुताबिक, सांसद आगा रफीउल्लाह ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से मछुआरों के ढूंढने के लिए भारत से मदद लेने के बारे में बात की थी।उन्होंने कहा– हमें आशंका है कि पानी के तेज बहाव के चलते लापता मछुआरे भारत की क्षेत्रीय सीमा में चले गए होंगे। हमने प्रस्ताव दिया की भारत सरकार से इन मामले में मदद मांगी जाए। इस पर प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान सरकार भारत के साथ इस मामले पर चर्चा करेगी और उनकी मदद लेगी।5 मार्च को डूबी थी नाव सांसद आगा रफीउल्लाह ने कहा– 45 मछुआरों से भरी बोट 5 मार्च को डूब गई थी। सर्च–रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हमने31 मछुआरों को बचा लिया था। लेकिन हादसे के 5 दिन बाद भी 14 मछुआरे लापता हैं। ये सभी मेरे चुनाव क्षेत्र कराची के रहने वाले



हैं। मैं उनके परिवार के संपर्क में हूं।।सेना ने समुद्री लुटेरों से बचाए थे 19 पाकिस्तानी नाविक 1 फरवरी 2024 को भारतीय नौसेना ने अरब सागर में सोमालिया के पूर्वी तट के पास से सोमवार को 19 पाकिस्तानी नाविका नें की जान बचाई। ईरान के झंडे वाले जहाज को 11 समुद्री लुटेरों ने किडनैप कर लिया था। इसके बाद नौसेना ने जहाज को रेस्क्यू करने के लिए अपना युद्धपोत आइएनएस सुमित्रा भेजा था।

# यूक्रेन जंग पर बनी डॉक्यूमेंट्री को मिला ऑस्कर अवार्ड डॉक्यूमेंट्री मे रूस की बरबरता दिखाई ।

**२० डेज इन मारियुपोल में रूस की बर्बरता दिखाई, एक महीने में २० हजार मौतें हुई थीं**






20 डेज इन मारियुपोल को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। फिल्म में रूसी हमले से तबाह हुआ यूक्रेनी शहर मारियूपोल दिखाया गया है। 24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस–यूक्रेन जंग के एक महीने में यह शहर 90: तबाह हो गया था। फिल्म के कई शॉट्स तब ही रिकॉर्ड किए गए थे। चेर्नोव ने अवॉर्ड लेते हुए कहा–काश यह फिल्म बनाने की जरूरत नहीं पड़ती। काश रूस ने यूक्रेन पर कभी हमला किया ही नहीं होता। मैं चाहता हूं कि सीजफायर हो जाए। सभी लोग आजादी से रहें। मारियुपोल के वो लोग जिन्होंने अपनी जान दी है, उन्हें कभी नहीं भुलाया जाएगा, क्योंकि सिनेमा यादें बनाता है और यादें इतिहास बनाती हैं। ग्लोरी टू यूक्रेन।यूक्रेन जंग पर बनी डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर।

हमले शुरू होने से एक घंटे पहले मारियुपोल पहुंचे थे डायरेक्टर न्यूज एजेंसी । के वीडियो जर्नलिस्ट मस्टीस्लाव चेर्नोव जंग शुरू होने से एक घंटा पहले मारियुपोल पहुंचे थे। वो 20 दिन यहां रहे। उन्होंने तबाह हुई इमारतें, रोते–बिलखते लोग, बच्चों–महिलाओं की लाशें, अस्पतालों–थिएटरों पर बमबारी और सामूहिक कब्रों को रिकॉर्ड किया।एक महीने में 20 हजार लोग मारे गए थे

यूक्रेन के अधिकारियों का दावा है कि एक महीने में मारियुपोल में रूसी सेना की बमबारी से सड़कों पर ही 20 हजार लोग मारे गए। इसमें महिलाएं, बच्ध्चे, बुजुर्ग शामिल हैं। इन्हें दफन करने रूसी सैनिकों ने 200 सामूहिक कब्रें खोदी थीं। 90: शहर तबाह हो गया था। मारियुपोल का संपर्क भी बाहरी दुनिया से कट गया था। बाद में इस शहर पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया था।

रूस ने थिएटर पर हमला कर 600 लोगों की जान ली थी –रूसी सेना ने मारियुपोल में एक ड्रामा थिएटर पर मिसाइलें दागी थीं। इसके बेसमेंट में 1300 बच्चों–महिलाओं ने शरण ली थी। हमले में 600 लोग मारे गए थे। दरअसल, जब रूस की सेना मारियुपोल में घुसी तो लोगों ने हवाई हमलों से बचने के लिए थिएटर में शरण ली थी, इनमें कई बच्चे भी शामिल थे। रूस की सेना उस पर हमला न करे इसके लिए दोनों तरफ रूसी भाषा में बच्चे लिख दिया गया। उसके बाद भी रूसी सैना नि ने थिएटर पर 16 मार्च 2022 करीब 10 बजे 500 किलो के दो बम दाग दिए।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्या समाग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा , एसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है ।